**1. ब्रेस्ट फीडिंग क्लीनिक का प्रारंभिक परीक्षण September से :**

- शिशुमृत्यु दर रोकने और कुपोषण पर काबू पाने के लिए प्रदेश में 90 ब्रेस्ट फीडिंग क्लीनिक खोलने की तैयारी
- इसमें मां को स्तनपान के बारे में प्रशिक्षण मिलेगा।
- पहला केंद्र : भरतपुर में

2. **राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार हरिशंकर गोयल को**

**3. राजस्थान हाईकोर्ट में ई-स्टांप सुविधा शुरू**

- राजस्थानहाईकोर्ट की मुख्य पीठ जोधपुर जयपुर पीठ में शुक्रवार को ई-स्टांप सुविधा शुरू हो गई।
- यहां से पहले दिल्ली, हिमाचल प्रदेश छत्तीसगढ़ में ही यह सुविधा थी।
- **फायदे:** ई-कोर्टफीस सेंटर पर कितनी ही राशि के स्टांप तुरंत उपलब्ध हो सकेंगे। एक मुकदमे में लगने वाली कोर्ट फीस का भुगतान एक ही ई-स्टांप से किया जा सकेगा। वकीलों पक्षकार कोर्ट फीस स्टांप उपलब्ध नहीं होने की परेशानी से बच सकेंगे।

**4. CAG के 2372 ऑडिट पैरा सात सालों से पीएसी में पेंडिंग चल रहे हैं**

- भारतीयनियंत्रक महालेखापरीक्षक (सीएजी) ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2014-15 की तीन रिपोर्ट विधानसभा में पेश की जिसमे आर्थिक क्षेत्र, स्थानीय निकाय और सामान्य एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े महकमों का ऑडिट था
- इसमें स्थानीय क्षेत्र की ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक जन लेखा समिति के समक्ष स्थानीय निकायों से जुड़े 2372 ऑडिट पैराज पेंडिंग बताए गए हैं।
- **क्या हाल है रिपोर्ट्स का :** अब तक जनलेखा समिति ने 2005 तक की सीएजी रिपोर्ट पर ही अपनी सिफारिशें सरकार को सौंपी है। शेष 2006 से 2015 तक की रिपोर्ट पर तो समिति में चर्चा भी नहीं हुई। इसमें 2006-07 में 1052, 2007-08 में 185, 2008-09 में 200, 2009-10 में 163, 2010-11 में 115, 2011-12 में 215, 2012-13 में 190, 2013-14 में 187 और 2014-15 में 65 ऑडिट पैराज पर सरकार की कार्रवाई बकाया चल रही है।

**5. वन्यजीव बनेंगे रोजगार का जरिया**

- प्रदेश के वन्यजीव गांव वालों के लिए कमाई और रोजगार का जरिया बनेंगे।
- राज्य के हर सेंचुरी, नेशनल पार्क, टाइगर रिजर्व के भीतर रेस्तरा, रिक्शा, शाप सहित अन्य गतिविधियों का संचालन स्थानीय लोगों की मदद से की जाएगी।
- शुरुआत कहाँ से : नाहरगढ़ से

**6. संभाग स्तर पर लगेंगे मानवाधिकार आयोग के जनसुनवाई कैंप:**

GENERAL STUDIES HINDI

- राजस्थानराज्य मानवाधिकार आयोग ने आने वाले दिनों में संभाग स्तर पर जनसुनवाई कैंप लगाएगा
- इसकी शुरूआत आगामी दिनों में उदयपुर अथवा कोटा संभाग से की जा सकती है।
- वर्तमान में आयोग के पास करीब साढ़े चार हजार मामले पेंडिंग हैं। संभाग स्तर पर इनकी सुनवाई कर मामलों का त्वरित निस्तारण करने के लिए जनसुनवाई कैंप लगाने का निर्णय किया गया है।

**7. शहरों में जल स्वावलंबन अभियान नवंबर से**

- यह नवम्बर से शुरु होकर जून तक चलेगा
- मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान में शहरी क्षेत्रों में निजी, सरकारी, आवासीय, संस्थानिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक सभी प्रकार के भवनों में वर्षा जल संरक्षण के लिए रूफ टाॅप रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण करवाने के साथ वर्षा जल, पानी का ट्रीटमेंट करके पुनः उपयोग में लेने की व्यवस्था की जाएगी

8. **महिलाओं पर जुल्म की जांच के लिए हर जिले में इन्वेस्टिगेशन यूनिट**

- महिलासंबंधी अपराधों के त्वरित अनुसंधान के लिए प्रदेश के सभी 33 जिलों में अब
- अलग से इन्वेस्टिगेशन यूनिट ऑन क्राइम अगेंस्ट वूमन (आईयूसीएडब्ल्यू) खुलेंगी।
- एडिशनल एसपी की अगुवाई में गठित की जाने वाली इस यूनिट में 15 पुलिस अफसर एवं कर्मचारी होंगे।

**Background**: 2015 के ताजा आंकड़ों में महिलाओं के खिलाफ अपराध में प्रदेश चौथे नंबर पर है। प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के चलते केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रदेश में 29 इन्वेस्टिगेशन यूनिट खोलने के निर्देश दिए थे। ताकि, महिलाओं से संबंधित मामलों की जांच स्पेशल यूनिट से कराए जा सके

GENERAL STUDIES HINDI

9. **आरेफा तहसीन की पुस्तक द एलिफेंट बर्ड' का राष्ट्रपति भवन के पुस्तकालय में पठन:**

- यह पुस्तक उन विशालकाय पक्षियों पर आधारित है जो विगत कुछ शताब्दियों में विलुप्त हुए हैं।
- पुस्तक का कथानक राजस्थान के अढाणिया गांव में रचा गया है।

10. **6 हजार मासिक आय वाले भी पा सकेंगे पारिवारिक पेंशन**

- सिविल सेवा पेंशन नियम 1996 के तीन नियमों में बदलाव कर राहत देते हुए यह प्रावधान किया गया की जिन परिवारों की मासिक आय अब 6 हजार रुपए तक होगी, वे पारिवारिक पेंशन पा सकेंगे।
- पहले 2550 रुपए की सीमा थी। इससे अधिक आय पर पारिवारिक पेंशन नहीं मिलती थी।

11. **ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट सीतापुरा , जयपुर में**

- इसमें हर गांव से एक किसान सहित कुल 50 हजार किसानों को बुलाया जाएगा।
- इसमें 20 फीसदी महिलाएं होंगी।
- इसके लिए बाड़मेर, श्रीगंगानगर और उदयपुर से तीन स्पेशल ट्रेल चलाई जाएगी।

12. **मुख्यमंत्री ग्रामीण घरेलू कनेक्शन योजना**

- मुख्यमंत्री ग्रामीण घरेलू बिजली कनेक्शन योजना के तहत अगले दो साल में 5 लाख से ज्यादा घरों को रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है।
- ग्रामीण इलाकों में खेतों गैर-आबादी क्षेत्र में बने मकानों के लिए कोई योजना नहीं होने से अब मुख्यमंत्री ग्रामीण घरेलू कनेक्शन योजना की घोषणा की गई।

13. **राज्य का पहला कम लागत सैनेटरी नैपकीन 'सयानी'**

- यह उत्पाद रियांबड़ी के 'राम सागर महिला स्वयं सहायता समूह' द्वारा तैयार किया गया है

**14 नागौर से शुरू हुआ पहला जिला स्तरीय अमृता हाट बाजार**

- **क्या है यह** : महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों का मेला

15. **एमएसएमई (MSME) दिवस**

- हर साल विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मनाएंगे एमएसएमई दिवस
- सरकार द्वारा एमएसएमई दिवस पर उद्योग रत्न पुरस्कारों की घोषणा की गई ।
- लघु उद्योगों की तीन श्रेणी के श्रेष्ठ उद्यमियों को एक-एक लाख के तीन उद्योग रत्न पुरस्कार दिए जाएंगे।
- एमएसएमई की तीनों श्रेणियों में कुल चार-चार पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें पहला पुरस्कार एक लाख रुपए का होगा। हर श्रेणी में बेस्ट इन ग्रोथ ऑफ बिजनेस, बेस्ट विमन एंटरप्रिन्योर, बेस्ट बिजनेस प्रैक्टिसेज और बेस्ट रिवावल आफ सिक इंडस्ट्रीज श्रेणी के चार पुरस्कार दिए जाएंगे।

GENERAL STUDIES HINDI

16. **बीकानेर और अलवर में अलग से गौ अभयारण्य**

- बीकानेर और अलवर में करीब 400 बीघा जमीन पर गौ अभयारण्य बनाया जाएगा, जहां बेसहारा गोवंश को रखा जाएगा।


**17. राशनो के degitisation में राजस्थान अव्वल**


- राजस्थान में डिजिटाइज्ड राशन कार्ड बनाने और इसे आधार से जोड़ने (सीडिंग) का काम 100 फीसदी हो गया। साथ ही उचित मूल्य की 96 फीसदी दुकानों पर पोस मशीनों से ट्रांजेक्शन हो रहा है। इस तीनों मामलों में आंध्र प्रदेश के साथ राजस्थान देशभर में अव्वल है। जबकि अन्य राज्य इन मामलों में काफी पीछे हैं।
- खाद्य सुरक्षा योजना से 1.20 करोड़ अपात्र लोगों को हटाया गया और 20 लाख पात्र लोगों को जोड़ा गया।
- प्रदेश में 13 लाख डुप्लीकेट राशन कार्ड भी रद्द किए गए।

18. **स्मार्ट सिटी की तीसरी सूची में कोटा और अजमेर**

- स्मार्ट सिटी की तीसरी में 12 राज्यों के 27 शहर हैं।
- इनमें प्रदेश के कोटा और अजमेर शहर भी हैं।
- सूचीमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र के पांच शहर चुने गए हैं। ये हैं प्रमुख शहर : महाराष्ट्र: औरंगाबाद,नागपुर, नासिक, कल्याण-डोंबिवली, थाणे

19 . **HIV के cases राजस्थान में**



20. **सरपंच की जिद से 6 महीने में मॉडल बना गांव:**

- मरलावदा गांव लॉस रिडक्शन प्रोग्राम के तहत बिजली चोरी मुक्त गांव घोषित हुआ है। इस गांव के प्रत्येक घर में कनेक्शन है।
- सालभर पहले तक यहां 50 फीसदी छीजत थी। लेकिन अब जीरो छीजत है। यह हाड़ौती का पहला आदर्श गांव है। यहां 24 घंटे बिजली देंगे
- संभव हुआ है यंहा की सरपंच उषा कंवर की वजह से

21. **भरतपुर-अलवर-नारनौल और महुआ-करौली-हिण्डौन मार्ग बनेंगे दुर्घटना मुक्त कॉरिडोर**

- विश्वबैंक पोषित राजस्थान रोड सेक्टर मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट (आरआरएसएमपी) के अंतर्गत योजना
- भरतपुर-अलवर-नारनौल सड़क पर नगर (खाखावालिया गांव) से बहरोड़ तक (100 किमी) एवं महुआ-करौली-हिण्डौन सड़क (65 किमी) को संसाधनों के अनुकूल उपयोग से दुर्घटना मुक्त कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा

22. **जयपुर मिला वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी अवार्ड**

- जयपुरशहर को वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी का अवार्ड मिला है।

GENERAL STUDIES HINDI